बिहार सरकार
मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–**cm-785**
10/11/2026

मुख्यमंत्री ने गोवर्धन पूजा के अवसर पर की गौ माता की पूजा–अर्चना

पटना, 10 नवम्बर 2026 :– मुख्यमंत्री श्री सम्राट चौधरी आज गोवर्धन पूजा के पावन अवसर पर सहकारिता मंत्री श्री राम कृपाल यादव के 2 देशरत्न मार्ग स्थित सरकारी आवास पर पहुंचे। वहां उन्होंने गौ माता की विधिवत पूजा–अर्चना की तथा प्रदेश की सुख, शांति, समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की।

सहकारिता मंत्री श्री रामकृपाल यादव ने मुख्यमंत्री को अंगवस्त्र एवं प्रतीक चिन्ह भेंटकर उनका स्वागत किया।

इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री श्री विजय कुमार चौधरी, सहकारिता मंत्री श्री राम कृपाल यादव, मुख्यमंत्री के सचिव श्री संजय कुमार सिंह सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

******